विज्ञान-तकनीक के बिना विकास संभव नहीं

महोत्सव

देहरादून, वरिष्ठ संवाददाता। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने बुधवार को वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महोत्सव में कहा कि विज्ञान और तकनीक आज के समय की जरूरत हैं, इनके बिना समाज का विकास संभव नहीं है।

राज्यपाल ने कहा कि समय के साथ जो तकनीकी परिवर्तन हो रहा है उसी अनुसार अपने आपको ढालना जरूरी है। स्कूली जीवन से ही छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित किया जाना चाहिए। इस दिशा में यह महोत्सव मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि हमें नवाचार और शोध के साथ ही स्किल आधारित शिक्षा पर विशेष जोर देना होगा। इसके लिए जरूरी है कि हमारे छात्र स्कूली जीवन से ही वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समृद्ध हों।

दून में बुधवार को राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महोत्सव का शुभारंभ किया। • हिन्दुस्तान

इस दौरान तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल ने सभी को महोत्सव के सफल आयोजन की शुभकामनाएं दीं। महोत्सव में कुलपति प्रो. ओंकार सिंह, यूकॉस्ट के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत, यूसर्क निदेशक प्रो. अनिता रावत और कुलसचिव सतेन्द्र सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।